हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 97 रुपये 77 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 90 रुपये 67 पैसे प्रति लीटर हो गई है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106 रुपये 68 पैसे और डीजल 93 रुपये 14 पैसे प्रति लीटर की दर से मिलेगा। कोलकाता में पेट्रोल 108 रुपये 74 पैसे और डीजल 95 रुपये 13 पैसे प्रति लीटर पर उपलब्ध होगा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 103 रुपये 77 पैसे और डीजल का मूल्य 95 रुपये 35 पैसे प्रति लीटर निर्धारित किया गया है।

****

हरियाणा सरकार ने करनाल स्मार्ट सिटी परियोजना तथा उसकी परियोजना प्रबंधन सलाहकार संस्था -पीएमसी की अवधि को आगामी 31 मार्च तक बढ़ा दिया है। इससे चल रही परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा तथा निर्मित परिसंपत्तियों को संबंधित विभागों को सुचारू रूप से हस्तांतरित किया जा सकेगा। इसी तरह फरीदाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना का भी आगामी 31 मार्च, तक विस्तार किया गया है।

कल चंडीगढ़ में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति की बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में करनाल और फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि यह विस्तार केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप दिया गया है, ताकि पूर्णता के निकट पहुंच चुकी शेष परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके और नागरिकों को आधुनिक शहरी आधारभूत सुविधाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

****

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा नीट परीक्षा के पेपर लीक को लेकर एनडीए सरकार पर आरोप लगाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि पेपर लीक हुआ है इसका सबको दुख है लेकिन केंद्र सरकार बिना किसी देरी के सीबीआई से जांच करवा रही है और बहुत लोग पकड़े जा चुके हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार ऐसी कार्रवाई होगी कि इसके बाद पेपर लीक करने के बारे में कोई सोचेगा भी नहीं।

हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा की बंपर जीत हुई जिसको लेकर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह भाजपा की ठीक कार्य प्रणाली पर जनता ने मोहर लगाई है।

****

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीन नगर निगमों, एक नगर परिषद और 2 नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन निगम में पहले भी भाजपा ने ही जीत हासिल की थी। पूर्व मुख्यमंत्री रोहतक में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सांपला नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी के चुनाव न लड़ने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस ने पहले भी कभी पार्टी चिन्ह पर चुनाव नहीं लड़ा। हालांकि कार्यकर्ताओं के चुनाव लड़ने पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा कि सांपला में भाजपा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को सिर्फ 34 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि 66 प्रतिशत वोट विरोध में पड़े हैं।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन पूरी तरह से मजबूत है और आने वाले दिनों में खण्ड स्तर तक संगठन बनाया जाएगा।

****

हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने पशुओं के लिए 11वें चरण के संयुक्त टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश में गाय और भैंसों को मुंह खुर और गलघोंटू जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए एक ही वैक्सीन लगाई जा रही है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग हिसार के उप निदेशक डॉ रविंद्र श्योराण ने बताया कि इस अभियान के तहत हिसार जिले में भी चार वर्ष से अधिक उम्र के पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है।

उन्होंने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि निशुल्क टीकाकरण का लाभ उठाए, इससे दूध कम होने या बच्चा गिरने का कोई खतरा नहीं है। सावधानी के तौर पर 7 महीने से ऊपर की गर्भवती भैंस और 6 महीने से ऊपर की गाय को टीकाकरण से बाहर रखा है।

****